गिलौला में चिह्नित हो रहा अतिक्रमण

एसडीएम व सीओ ने किया कस्बे का भ्रमण, दिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

गिलौला (श्रावस्ती)। अमर उजाला की ओर से अतिक्रमण के विरुद्ध शुरू किया गया अभियान अब रंग लाने लगा है। बुधवार को गिलौला पहुंचे एसडीएम व सीओ इकौना ने पुलिस के साथ कस्बे का भ्रमण किया।

अमर उजाला इंपैक्ट

अमर उजाला अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला रहा है। इस क्रम में अमर उजाला ने 18 फरवरी के अंक में अतिक्रमण का ऐसा हाल कि बौद्ध परिपथ बन गई गली शीर्षक से सचित्र समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके दो दिन बाद ही अतिक्रमण के कारण गिलौला कस्बे में ट्रक की टक्कर में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई थी। इस खबर में भी अमर उजाला ने अतिक्रमण को ही मौत की वजह बताया था।

गिलौला कस्बे में अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते एसडीएम इकौना। -संवाद

समाचार का संज्ञान लेते हुए बुधवार को गिलौला पहुंचे एसडीएम इकौना ओमप्रकाश गुप्ता व सीओ इकौना सतीश कुमार शर्मा ने थानाध्यक्ष गिलौला जयहरि मिश्रा के साथ कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को खुद अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। ऐसा करने पर अभियान चला कर अतिक्रमण हटवाने व उस पर आने वाले खर्च को अतिक्रमणकारियों से वसूलने की चेतावनी दी।

मूर्ति खण्डित करने वाला गिरफ्तार

श्रावस्ती। मूर्ति खंडित कर अराजकता फैलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा के कोटहिन माता मन्दिर की चबूतरे से लक्ष्मी माता की मूर्ति उखाड़ कर और खंडित करके अज्ञात व्यक्ति ने आशाराम की बाग में रख दिया था।

इस पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज करके जांच शुरू की। इस पर पुलिस ने पाया कि हवलदार सोनकर पुत्र कामता प्रसाद निवासी अहिरन देवरा दाखिला देवरा थाना हरदत्तनगर गिरण्ट ने मूर्ति खंडित करके बाग में एक पेड़ के पास रखी थी। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।